**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का अंतिम संस्कार आज दोपहर तीन बजे किया जाएगा ।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. सुदेश धनखड़ उन्हे अंतिम विदाई देने पहुंचेंगे। उनके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला सहित कई नेता अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।हमारे संवाददाता ने बताया है कि रात्रि करीब दस बजे उनका पार्थिव शरीर सिरसा के गांव तेजा खेड़ा स्थित फार्म हाउस पर लाया गया। आज सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनके परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अन्य लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने तेजाखेड़ा पहुंच रहे हैं।

*****************************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन के कारण राज्य में घोषित तीन दिवसीय राजकीय शोक के चलते हिसार के राखीगढ़ी में चल रहा राज्य स्तरीय राखीगढ़ी महोत्सव रद्द कर दिया गया है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घोषित तीन दिवसीय राजकीय शोक के दौरान प्रदेश में कोई भी सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा, इसी के चलते महोत्सव को रद्द किया गया है।

*****************************************************************

हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण से पानीपत के पास मावी बैराज का निर्माण करवाने का अनुरोध किया है।उन्होंने कहा कि इस बैराज से राजस्थान को पानी की उपलब्धता हथिनी कुंड बैराज से भी ज्यादा हो सकती है और इससे हरियाणा को भी अतिरिक्त पानी मिल

सकेगा।श्रीमती श्रुति चौधरी ने यह मांग केन्द्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई 38वीं वार्षिक अंतर्राज्यीय नदी जोड़ बैठक में की।सिंचाई मंत्री ने बताया कि यमुना नदी हरियाणा से होकर बहती है और यहां पानी संग्रहण की कोई व्यवस्था नहीं है। बरसात के दिनों में यह पानी व्यर्थ बहकर यमुना नदी से बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। इस लिंक के बन जाने से हरियाणा को अतिरिक्त पानी मिलेगा, जिससे प्रदेश में सिंचाई के साथ-साथ पीने के लिए भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा।

**************************************************************

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी व बारिश न होने से हरियाणा में धुंध नहीं पड़ रही जो मनुष्यों ही नहीं पशुओं व कई फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।मौसम शुष्क बना हुआ है। तापमान में कभी गिरावट और कभी वृद्धि दर्ज की जा रही है।भिवानी से कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ देवीलाल ने ऐसे में किसानों को अपनी फसलों का ख्याल रखने की सलाह दी है।

**************************************************************

हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में 'स्वच्छ हरियाणा मिशन' के तहत 31 जनवरी तक एक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव श्री वी. श्रीनिवास के साथ एक वर्चुअल बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो चरणों में चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना है।डॉ. जोशी ने कहा कि इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे।उन्होंने बताया कि इस दौरान हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित एक केंद्रीय निगरानी पोर्टल के माध्यम से अभियान की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

*************************************************************

हरियाणा **गांवों में लाल डोरे के बाहर तालाब या फिरनी की जमीन से अलग जमीन पर** 100 **से** 500 **गज के बने** 20 **वर्ष पुराने मकान के मालिक को इसका मालिकाना हक दिया जाएगा।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने अपने पहले विधानसभा सत्र में इस संबंधी विधेयक पारित किया है। विधेयक के अनुसार मकान मालिक से कलेक्टर मूल्य लेकर उसे मालिकाना हक दिया जाएगा।श्री कृष्ण लाल पंवार कल रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 शिकायतें आई , जिनमें से 9 का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

*************************************************************